# ढोल, बैंडबाजों, डीजे की धुन पर भक्तों ने निकाला जुलूस, नदी, तालाबों में दिखी भक्तों की भारी भीड़

## दस दिन की आराधना के बाद बप्पा को किया विदा, अब बड़ी मूर्तियों का विसर्जन कल...








हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

अनंत चतुर्दशी पर शनिवार को भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। नगर एवं आसपास के विसर्जन स्थलों में शनिवार की सुबह से विसर्जन के लिए प्रतिमाओं के पहुंचने का क्रम प्रारंभ हो गया था। बांदा तालाब व जुन्नारदेव विशाला में बनाए विसर्जन स्थलों में शनिवार की सुबह से शामतक हजारों प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा चुका था। इसमें घरों में स्थापित प्रतिमाओं के साथ ही पूजा पंडालों में स्थापित की गई प्रतिमाएं भी शामिल हैं। इसके अलावा बड़ी संख्या में नगर वासी ने अपने-अपने घरों में ही प्रतिमाओं का विसर्जन किया। शनिवार को विसर्जन स्थलों के साथ ही घर-घर में गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ... के जयकारे गूंजते रहे। घरों में स्थापित प्रतिमाओं को श्रद्धालु दोपहिया-चौपहिया वाहनों में लेकर पहुंचे। वहीं पंडालों में स्थापित प्रतिमाओं को गाजे-बाजे के साथ चल समारोह के रुप में विसर्जन स्थल पर श्रद्धालु लेकर पहुंचे। चल समारोह में भक्तिमय गीतों पर युवा झूमते नजर आए। भजनों की धुनों पर महिलाओं के समूह भी भक्तिमय नृत्य करते नजर आईं। गणेशोत्सव पर दस दिनों तक विधि विधान से पूजन अर्चन करने के बाद शनिवार को बप्पा को विदाई देते हुए श्रद्धालु भावुक नजर आए। अपने परिजनों के साथ बच्चे भी शनिवार को प्रतिमा विसर्जन करने जुन्नारदेव विशाला की तालाब पहुंचे। विसर्जन के पहले बच्चे गणपति बप्पा के कानों में अपनी विश कहते नजर आए।

## गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ

**डुंगरिया।** शनिवार को सुबह से ही डुंगरिया और आसपास के क्षेत्रों में गणेश प्रतिमा का विसर्जन चालू हुआ जो देर शाम तक चलता रहा शनिवार सुबह से ही भक्त गण गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के साथ जयकारे लगाते हुए दिखाई दिए गणेश विसर्जन को लेकर भक्तों में उत्साह दिखाई दिया भक्तों द्वारा रंग गुलाल उड़ाकर जश्न मनाया गया और फटाके फोड़े गए वहीं गणेश प्रतिमा के विसर्जन में सम्मिलित हुए भक्त गण ढोल बाजे और डीजे की धुन में अपने आप को नाचने से नहीं रोक पाये समाचार लिखे जाने तक गणेश प्रतिमा का विसर्जन चालू था डुंगरिया और आसपास के क्षैत्रो में विसर्जन शांति पूर्ण रहा गणेश प्रतिमा का विसर्जन डुंगरिया चौकी के पीछे किया गया।।विसर्जन के दौरान डुंगरिया चौकी का पुलिस स्टाप मुस्तैद रहा।।

## नगर निगम की टीम ने विसर्जन बनाया सुरक्षित, पूरे प्रदेश में हर साल पेश की जाती है अनोखी मिसाल



## गणेश मठ और पांढुर्ना का राजा का धूमधाम से विसर्जन



**पांढुर्ना ।** नगर 1000 वर्ष प्राचीन गणेठ मठ में और स्थानीय एमपीएल मैदान के ठीक सामने स्थापित होनेवाली भगवान गणेश की दोनों भव्य प्रतिमाओं के साथ ही नगर की सैकडों गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन बहुत ही धूमधाम से संपन्न हुआ। प्रशासनिक व्यवस्थाएं काफी चुस्त दुरूस्त रही



**बिछुआ।** अनंत चतुर्दशी के अवसर पर शनिवार को विकासखंड बिछुआ अंतर्गत ग्राम सागर में भक्तों के द्वारा गणेश भगवान विसर्जित किए गए,इसके अलावा बिछुआ नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में भी बप्पा को विदाई दी गई।



## जगह - जगह हुए भंडारे , विसर्जन के लिए नदी के घाटों पर लगी भीड़

**परासिया :** कोयलांचल में गणेश उत्सव बड़े ही धूम और भक्ति भाव से मनाया गया । घरों में और सार्वजनिक स्थानों में भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई । इस दौरान पूजा पंडालों में रोजाना भजन कीर्तन हुए । भक्तों ने अपने - अपने सामर्थ्य और श्रद्धा के अनुसार विविध धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए । जगह - जगह भंडारे का आयोजन हुआ । प्रतिमा विसर्जन के लिए नदियों के घाटों पर लोगों की भीड़ लगी रही । वहीं प्रशासनिक स्तर पर व्यवस्थाएं बनाई गई ।न्यूटन पेंच नदी घाट पर शनिवार सुबह से ही प्रतिमा विसर्जित करने पहुंचे । रास्ते भर गणपति बप्पा मोरिया , अगले बरस तू जल्दी आ की गूंज सुनाई देती रही । घाट पर पूजा अर्चना कर भक्तों ने प्रतिमाएं विसर्जित की । प्रसाद वितरण किया । नगर पंचायत न्यूटन चिखली के द्वारा घाट पर व्यवस्था बनाई गई । स्थानीय पुलिस भी मौजूद रही ।





## धूमधाम के साथ विसर्जित हुए सिंगोड़ी पेंच नदी में गणपति बप्पा

**सिंगोड़ीः** अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर आज अमरवाड़ा तहसील के ग्राम पंचायत सिंगोड़ी में पेंच नदी पर गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन बड़े ही हर्षोल्लाश के साथ किया गया। जिला प्रशासन ने भी नागरिकों से अपील की है कि गणेश प्रतिमा का विसर्जन केवल निर्धारित स्थलों पर ही करें। सिंगोड़ी ग्राम की पेंच नदी में गणेश विसर्जन हेतु ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा एवं राजस्व विभाग के कर्मचारियों के द्वारा गणेश प्रतिमाओं के लिए विसर्जन स्थल की साफ सफाई की गई एवं पुलिस प्रशासन के विशेष सहयोग से लगातार गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन निर्धारित विसर्जन घाट पर जारी है।100 से भी अधिक गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन हो चुका है और देर रात्रि तक यह सिलसिला जारी रहेगा।



## सौंसर में हुआ गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

**सौंसर।** अनंत चतुर्दशी के अवसर पर नगर एवं ग्रामीण अंचल में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ गणेश भगवान की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया, गणेश उत्सव काबड़े ही उत्साह और श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। इस अवधि में घर-घर एवं सार्वजनिक पंडालों में स्थापित गणेश प्रतिमाओं की नित्य पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और आरती कर भक्तों ने विघ्नहर्ता गणेश का आशीर्वाद प्राप्त किया। शनिवार को गणेश भक्तों ने अपने घरों में विराजित बाल गणेश की प्रतिमाओं को पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद लेते हैं और भावुक मन से "गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ" कहते हुए नदी व अन्य जलाशयों में विसर्जित करते हैं। सार्वजनिक पंडालों की बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान शोभायात्राओं में नगरवासियों की बड़ी संख्या में सहभागिता देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने नृत्य, गीत और जयकारों के साथ गणेश भगवान को विदाई दी।इस दौरान देर रात तक गाजियाबाद के साथ में नाचते गाते गणेश भक्तों ने नगर में शोभायात्रा निकालकर नगर भ्रमण करते हुए गणेश प्रतिमाओं का रामाकोना कहान नदी,जाम नदी और छोटी प्रतिमाओं को नगर पालिका परिषद सौसर के द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर बनाए गए।



## तामिया में रिमझिम वर्षा के बीच हुआ गणेश प्रतिमाओं की विसर्जन

**तामिया।** शहर में गणेश उत्सव धार्मिक माहौल में पूरे धूमधाम से मनाया गया! आज विसर्जन के दिन हो रही रिमझिम बरसात के बीच चल समारोह के रूप में गणेश जी की प्रतिमा विसर्जन हेतु गाजे बाजे डीजे.की धुन पर नाचते हुए मूर्तियां शनि मंदिर स्थित घाट पर विसर्जित हुई! मूर्ति विसर्जन का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा! इस विसर्जन समारोह में विसर्जन के लिए पुलिस व्यवस्था पूरी चुस्त दुरुस्त जरूर रही!चल समारोह के दौरान यातायात सुचारू रूप से चलता रहा रिमझिम फुहार के बीच डीजे संचालक अपने डीजे को बजाने के साथ-साथ बरसते पानी से बचाते देखे गए! आज का गणेश विसर्जन पूरी धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ वही दिनेश साहू परिवार की ओर से विशाल भंडारा गणेश विसर्जन स्थल पर दिनभर चलता रहा!





## हर्षोल्लास से मनाया गया भाजपा जिलाध्यक्ष यादव का जन्मदिन

**छिंदवाड़ा।** भाजपा जिलाध्यक्ष के शुभंकर शेषराव यादव का बुधवार को पूरे हर्षोल्लास से मनाया गया। जिले के प्रमुख नेता एवं कार्यकर्ता सुबह से हो उनके घर बधाई देने पहुंचने लगे। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव के जन्मदिन पर दिनभर बधाइयों और मेल मिलाप का दौर चलता रहे। श्री यादव भाजपा के वर्षों से सक्रिय है, पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा को उपचुनाव में जिताने में उनकी अहम भूमिका थी। जिला भाजपा के अध्यक्ष बनने के बाद उनका यह पहला जन्मदिन था वे 61 वर्ष के हो गए हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री यादव को बधाई देने के लिए उनके निवास पर प्रमुख रूप से सांसद बंटी विवेक साहू, पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना, विधायक कमलेश शाह, पूर्व विधायक पंडित रमेश दुबे, रमेश पोफली, ताराचंद बावरिया,आशीष ठाकुर, नत्थन शाह, पूर्व नगर निगम अध्यक्ष धर्मेंद्र मिगलानी, विजय पांडे, भरत घई, लखन वर्मा,शंटी बेदी, टीकाराम चंद्रवंशी, शैलेन्द्र बबलू पटेल, विजय झांझरी, डाक्टर कृष्ण हरजानी, योगेन्द्र राणा, अजय सक्सेना, अभिलाष गोहर, दिवाकर सदारंग, जुगल यादव, संजय पटेल, संजय सक्सेना, गरिमा दामोदर, अभिषेक वर्मा,विक्रम सोनी, दीपक कोल्हे, कृपाशंकर सूर्यवंशी, प्रतीक दामोदर, सचिन चौरसिया, विजेंद्र चौहान, रोशन सिगनापुरे जिले भर से भाजपा के वरिष्ठ नेता, भाजपा पदाधिकारी, सामाजिक संगठन, सामाजिक संस्था एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण पहुंचे।

### आयोजन में शामिल हुए विधायक चौधरी सुजीतसिंह

# चौरई में हुआ दंगल का आयोजन, सीहोर के सौरभ ने जीता शेरे दंगल





**हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई**

शनिवार को नगर के कमलनाथ स्टेडियम में शेरे दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया यह शेरे दंगल प्रतियोगिता नगर में विगत 50 वर्षों से चले आ रही है। 50 वें वर्ष में दंगल प्रेमी ऐतिहासिक रूप से दंगल देखने पहुँचे। इस दंगल कार्यक्रम में शामिल विधायक चौधरी सुजीत सिंह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल, बैजू वर्मा, तीरथ ठाकुर, लेखराम पटेल, इंद्रपाल पटेल की विशेष उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। विधायक चौधरी सुजीतसिंह ने आयोजन की सराहना करते हुये पहलवानों का उत्साहवर्धन किया।

शेरे दंगल में महिला, पुरुष सहित स्थानीय एवं अन्य प्रदेशों से आये पहलवानों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। शेरे दंगल का खिताब सीहोर के सौरभ पहलवान ने शिवशंकर पहलवान (सिवनी) को हराकर जीता। सौरभ को शेरे दंगल की शील्ड सहित 11 हजार की नगद राशि प्रदान की गई।दंगल को सम्पन्न कराने में आयोजक ओमप्रकाश अग्रवाल, तीरथ सिंह ठाकुर, चंद्रकिशोर खण्डेलवाल, प्रेमेंद्र साहू, भगवत चौबे, छबील सिंह ठाकुर, अनुराग माहेश्वरी, रतिराम वर्मा, धीरज खण्डेलवाल, कन्हैयालाल चौरसिया, बेनीसिंह रघुवंशी, रामाधार गुप्ता, अंकित पांडे, आनंद पटेल, गुरु राज, सचिन वर्मा, प्रदीप सनोडिया, उदयराज सौलंकी, सहित दुर्गा जस मंडल के सदस्यों की भूमिका प्रमुख रही।

इस मौके पर देश भर से आये पहलवानों ने भाग लिया साथ ही सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण जन व क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित रहे। दंगल की प्रतियोगिता में निर्णायक संजय ठाकुर एवं गिरधारी प्रजापति रहे। इस मौके पर उपनिरीक्षक श्री बघेल की मौजूदगी में पुलिस बल सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद रहा।

## शिक्षक दिवस पर हुए स्कूल में विविध कार्यक्रम



**सौंसर।** नगर की ओम साईं सेंट्रल पब्लिक स्कूल सौसर में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के 137 वे जन्मदिवस को शिक्षक दिवस के रूप में बनाते हुए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल संचालक अनिल ठाकरे, प्राचार्या श्रीमती जयश्री केलकर, श्रीमती माधवी ठाकरे इनके हस्ते दीप प्रज्वलित कर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया।शिक्षक तथा शिक्षिकाओं की भूमिका निभाने वाले बच्चों के हस्ते शाला के सभी शिक्षक / शिक्षिकाओं तथा नॉन टीचिंग स्टाफ को श्रीफल तथा उपहार देकर शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई।आयोजन को संबोधित करते हुए अनिल ठाकरे ने कहा कि प्रत्येक शिक्षक एक कुशल मूर्तिकार होता है तथा प्रत्येक बालक एक गीली मिट्टी। शिक्षक रूपी मूर्तिकार हर साल कुशल छात्र रूपी गीली मिट्टी से ईश्वर का निर्माण करता है तथा बालक के अंदर छिपे अज्ञानता रुपी अंधकार को दूर करके ज्ञान रूपी रोशनी प्रज्वलित करता है।कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती वंदना बारापात्रे अर्चना गुप्ता ने शिक्षक वह व्यक्ति होता है जो ज्ञान, कौशल, योग्यता तथा गुण प्राप्त करने में प्रत्येक छात्र की मदत करता है। शिक्षक दिवस पर संपन्न हुई प्रतियोगिता में शिक्षकों को पुरस्कार वितरित किए गए।

## आराधना विद्यालय ने मनाया शिक्षक दिवस

**परासिया।** हृदय स्थल में स्थित आराधना विद्यालय परासिया ने नेचर्स होटल में शिक्षक दिवस का कार्यक्रम मनाया कार्यक्रम में शिक्षकों को सम्मानित किया गया । डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की छायाचित्र पर माल्या अर्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये शिक्षकों को खेल खिलाए गए । सभी शिक्षकों ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ शिक्षक दिवस का आनंद लिया । इस अवसर पर शाला के संचालक रिंपी खंडूजा, वरिष्ठ समाजसेवी एवं पूर्व शिक्षक बसंत मालवीय , ब्लॉक कराटे प्रशिक्षक अंजली श्रीवास्तव , पूर्व प्रधान अध्यापक चंद्रकांत जैन शिक्षिका संध्या मालवीय , प्राचार्य रेणुका बाथरे जी शिक्षिका अंजली सोनी शिक्षिका नजमा खान शिक्षिका स्वाति पाल शिक्षिका स्वाति साहू शिक्षिका कंचन कहार शिक्षक मिलाप मालवी शिक्षक राज खान शिक्षक विश्वास कुमार सहित आराधना विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक शिक्षिका मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन शाला के प्राचार्य सैफ खान द्वारा किया गया



# शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम में सिंगोड़ी पहुँचे विधायक शाह

### पुष्प वर्षा कर किया शिक्षकों का सम्मान-प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह किया गया भेंट

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी**

शिक्षक दिवस के अवसर पर मरही माता सेवा समिति सिंगोड़ी द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अमरवाड़ा विधायक राजा कुँवर कमलेश प्रताप शाह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे वही विशिष्ठ अतिथि के रूप में जिला महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी, विधायक प्रतिनिधि दीपक नेमा एवं कार्यक्रम अध्यक्ष सरपंच कपिल ठाकुर की विशेष उपस्थिति में कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया।

सर्वप्रथम उपस्थित समस्त अतिथियों के द्वारा मरही माता मंदिर प्रांगण में पूजा अर्चना कर माथा टेका गया तत्पश्चात समिति के सभी सदस्यों के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। तदुपरांत उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं पर पुष्प वर्षा कर उनका सम्मान किया गया साथ ही विधायक राजा कमलेश शाह ने शिक्षक दिवस पर सारगर्भित उद्बोधन दिया और कहा कि गुरुजन केवल ज्ञान ही नही देते बल्कि हमे जीवन जीने की कला,संस्कार ओर सही रास्ता भी प्रसस्त करते है आज शिक्षक दिवस के अवसर में उन समस्त गुरुजनों को प्रणाम करता हूं जिन्होंने हमे गढ़ा, सँवारा, ओर हमे आगे बढ़ने की प्रेरणा दी गुरु ही हमारे सच्चे पथ प्रदर्शक ओर मार्गदर्शक है। इस अवसर पर आज गुरुओं का सम्मान करने का आप लोगो ने सिंगोड़ी में मौका दिया मरही माता समिति के सदस्यों को धन्यवाद दिया और सभी शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र सहित पुरस्कारों से सम्मानित किया।



इस अवसर पर विधायक श्री के साथ जिला भाजपा महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी, विधायक प्रतिनिधि दीपक नेमा,सिंगोड़ी मंडल अध्यक्ष सोनू सरसवार,वरिष्ठ नेता डॉ उमेश शर्मा,समाजसेवी पवन राव सोनी,जनपद सदस्य योगेश यादव, सरपंच कपिल ठाकुर , कैलाश साहू,वरिष्ठ नेता रामनाथ साहू, संकुल प्राचार्य बी एस सीलू, नवोदय प्राचार्य सी एस पानकर,परसादी पटेल, रामकिशोर साहू, बद्री पटेल, केशव पटवा, दीपक साहू, ओ एस बरकड़े ,सफीक मंसूरी समिति अध्यक्ष राकेश साहू,योगेश चौरसिया,अनुराग सोनी ,प्रदीप जथूरिया,मेहताब मालवी, सहित सैंकड़ों शिक्षक शिक्षिकाएं और ग्रामीण जन उपस्थित हुए।

## वयोवृद्ध अथवा अस्वस्थ गुरुजनों का उनके निज निवास में जाकर अदभुत सम्मान, भावुक हुए गुरुजन



**हरिभूमि न्यूज उकवा।** आजकल वैसे तो शिक्षक दिवस हर स्कूलों और शिक्षण संस्थानों में मनाया जाता है,या कही कही अलग स्थानों में भी मनाया जाने लगा है,परन्तु उकवा की सामाजिक संस्था सर्वधर्म सेवा समिति उकवा के सदस्यों ने कुछ अलग ही अंदाज में शिक्षक दिवस के पर्व को मना कर सहसा ही सबका दिल जीत लिया,शिक्षक दिवस अपने गुरु के प्रति अपने कृतज्ञता व्यक्त करने का वह पर्व जब उनके छात्र साल भर जो गुरु उन्हें विद्या प्रदान करते है,उनके प्रति अपने स्नेह को प्रकट करते हुए ,उनका आभार व्यक्त कर उनका सम्मान करते है,परन्तु बहुत सारे गुरुजन ऐसे है,जो आज उम्र के अस्सी या या नब्बे वर्ष पूर्ण कर चुके और दुनिया की चमक में कही न कही उनके पढ़ाए छात्र भी अपनी जीवन चर्या में व्यस्त होकर अपने उन गुरुजनों को स्मरण नहीं कर पाते, और शिक्षक दिवस पर वो शिक्षक जिन्होंने अपनी मेहनत से कई बड़े अधिकारी शिक्षक और राजनेता व्यापारी पैदा किए ,वो सही सम्मान को नहीं पा पाते,ऐसे तमाम उम्र दराज गुरुजन जो सत्तर वर्ष या उससे अधिक की आयु पूर्ण कर चुके है,ग्राम उकवा की सामाजिक संस्था सर्व धर्म सेवा समिति के सदस्य उनके निज निवास उनके गृह ग्राम में घर घर जा कर उनके निवास पर उनका चरण धो उनकी आरती उतार उनका साल श्रीफल से सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करते है,उम्र के इस पड़ाव में इतना सम्मान पा कर बहुत सारे गुरुजन बहुत भावुक हो कर यूवाओ को दिल से अपना आशीर्वाद प्रदान करते है,इस वर्ष भी सामाजिक कार्यकर्ता जेम्स बारीक के नेतृत्व में समिति के सक्रिय सदस्य नरेश बघेल ,अखिल घरडे,नितिन कुमार ,संतोष सोनी,सचिन पदमें,राहुल मेश्राम,राकेश सरपा,संदीप गजभिए,सर्वेश नागवंशी,प्रमोद मरकाम,आदि सदस्यों द्वारा ग्राम गुदमा के 83 वर्षीय रोकड़े सर, ग्राम सोनपुरी के बिसेन सर 70 वर्ष,राहंगडाले सर ,एफ एस घुले 87 वर्ष, येरपुडे सर,ग्राम पोड़ी के डीएस ठाकरे सर, ग्राम उकवा के उजागवांकर मैडम,मार्को मैडम,धुर्वे सर,मर्सकोले सर,आदि वयोवृद्ध गुरुजनों का अनेक ग्रामों में घर घर जाकर साल श्रीफल से सम्मान किया ,जो अपने आप में बहुत ही अनूठा आयोजन था,जिसकी जिसने भी सुना खूब सराहना की।

### हुजूर की आमद मरहबा के नारों से गूंजा शहर

## ईदमिलादुन्नबी के पाक मौके पर निकला जुलूस ए मोहम्मदी

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।**



पैगम्बरे इस्लाम सल्लाल्लाहो अलैहे वसल्लम की आमद पर पूरी दुनिया में अमन, शांति, भाईचारा का संदेश देने वाले हजरत मोहम्मद पैगम्बर साहब का 1500 वॉ जन्म दिवस बड़ी धूमधाम से वारासिवनी नगर में मनाया गया। इस मौके पर नगर की दोनों मस्जिदों और नगर को सजाया गया था। सुबह जामा मस्जिद वारासिवनी में नात खानी सलातो सलाम पेश करने के बाद परचम कुशाई की गई।

ज्ञात है कि मुस्लिम कैलेण्डर के अनुसार 12 रवीउन्नुर शरीफ को हुजूर सल्लाल्लाहो अलैहे वसल्लम की आमद इस दुनियॉ में हुई थी। वहीं इसी दिन वो इस दुनिया से वफात भी हुए थे। इस पाक व मुबारक मौके पर मुस्लिम भाईयों द्वारा ईद मिलादुन्नबी के रूप में सारी दुनिया में मनाया जाता हैं। नगर में इस मुबारक दिन पर मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमे बाद नवाजे फज्र दुरूद ख्वानी, कुरान ख्वानी व परचम कुशाई के बाद सुबह 9 बजे जामा मस्जिद में हाजियों का इस्तकबाल किया गया।

इस अवसर पर विधायक विवेक विक्की पटेल, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा, अनुविभागीय अधिकारी कार्तिकेय जायसवाल वारासिवनी, एसडीओपी अभिषेक चौधरी, नगरपालिका सीएमओ सूर्यप्रकाश उके, तीरथ प्रसाद अक्षरिया नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक दिलीप डोंगरे, पूर्व पार्षद मनोज दांदरे, पार्षद प्रवीण डोंगरे, राजा अली, कैलाश मेश्राम विधानसभा अध्यक्ष बसपा वारासिवनी, विमलेश मेश्राम अध्यक्ष फुले एवं डॉ अम्बेडकर जयंती समारोह समिति, हरिशंकर शेंडे सामाजिक कार्यकर्ता, पुलिस प्रशासन एवं पत्रकारों का स्वागत सम्मान किया गया।

उसके बाद ठीक 10 बजे जुलूसे मोहम्मदी निकाला गया, जो पूरे शहर का गस्त करता हुआ नेहरू चौक होते हुए जय स्तम्भ चौक, बस स्टैण्ड, दीनदयाल चौक से होते हुए बीएसएनएल कार्यालय के सामने पहुँचा। जहां मदरसा ए आला हजरत वार्ड नंबर 2 के जानिब से शरबत व फलों से जुलूस का ईस्तकबाल गर्मजोशी के साथ किया गया। इसके बाद जुलूस सीधे बस स्टैण्ड पहुँचा, जहॉ उसके पहुँचते ही नारों से माहौल गूंज उठा।

## राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच के तत्वावधान में कांग्रेसियों ने मरीजों को बॉटे फल



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।**

राहुल प्रियंका गॉधी विचार मंच के तत्वावधान में कांग्रेसजनों ने हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी में भर्ती मरीजों को फल का वितरण किया। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं व समाजसेवियों ने मरीजों की कुशलक्षेम पूछी और ईश्वर से जल्द से जल्द उनके स्वस्थ होने की कामना की। इस मौके पर कांग्रेस नेताओं ने शासकीय चिकित्सालय के चिकित्सकों को मरीजों को स्वास्थ्य लाभ के लिए अच्छी सुविधा उपलब्ध करवाने की बात कही।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष स्वप्निल डोंगरे, हाजी अब्दुल राजिक खान, राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच जिलाध्यक्ष जावेद अली, गोविल चौरे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अशोक मरार, जनपद सदस्य धार्मिक ईनवाती, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष अनीस बेग, पूर्व सेक्रेटरी जामा मस्जिद नफीस खान, अल्पसंख्यक विभाग विधानसभा अध्यक्ष अरशद कुरैशी, अयान खान, सत्तू बिसेन, पप्पू गोन्नाडे, पिंटू वर्मा, जाकिर खान, शादाब खान, शादाब हसन, सोहेल अंसारी, अब्बू कुरैशी, अमित फुलमारी, आशु पटले, सुमेद बंसोड़, आबिद कादरी, राजेश कोलते, शाहिद खान, गनी खान, इकबाल खान एवं सभी कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लांजी-गोंदिया राजमार्ग की हालत खराब: राहगीरों के लिए खतरा बना गड्ढों का साम्राज्य

### हादसे को आमंत्रण दे रहा बीच सड़क में उभरा गड्ढा, योजना मद से पांच वर्ष पूर्व बनाया गया था 18 किमी लंबा मार्ग



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के आवागमन को सुगम बनाने तथा लांजीवासियों की आमगांव पर निर्भरता समाप्त करने एवं गोंदिया जिला मुख्यालय से नजदीकी बढ़ने के चलते नागपुर और रायपुर से व्यापारिक संबंध प्रगाढ़ होने की पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष एवं क्षेत्र की पूर्व विधायक हिना कावरे की मंशा को लांजी से गोंदिया जाने वाले राजमार्ग की वर्तमान हालत ने पलीता लगाकर रख दिया है। जिसमें बहुत कुछ योगदान प्रशासनिक अधिकारियों का भी है जिन्होने निर्माण कार्य के दौरान सतत निरीक्षण और गंभीरता नहीं दिखाई जिसके कारण करोड़ों की लागत वाले लांजी से गोंदिया जाने वाले राजमार्ग की हालत बहुत खराब हो गई है। इस मार्ग पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जो यात्रियों के लिए खतरा बन गए हैं। कलपाथरी गांव में तो एक पुलिया के बीचों-बीच में लगभग 5 फीट गहरा गड्ढा हो गया है, जिसमें कभी भी कोई जनहानि हो सकती है।

**राहगीरों को हो रही परेशानी, कभी भी हो सकता है गंभीर हादसा:** इस मार्ग की खराब हालत के कारण यात्रियों को बहुत परेशानी हो रही है। गड्ढों के कारण वाहनों की रफ्तार धीमी हो जाती है और कभी-कभी तो वाहनों के टायर भी फ ट जाते हैं। इसके अलावा, गड्ढों में पानी भर जाने से यात्रियों को और भी परेशानी होती है । इस मार्ग की खराब हालत के बावजूद अधिकारियों की उदासीनता से राहगीरों में आक्रोश है। जब एसडीओ सुखराम नेवारे को इस संबंध में सूचना दी गई, तो उन्होंने ध्यान नहीं दिया। इससे यह स्पष्ट होता है कि अधिकारी इस मार्ग की खराब हालत के प्रति कितने संजीदा हैं।

**सिर्फ नाम रह गया है लांजी-गोंदिया राजमार्ग :** लांजी से गोंदिया को जोडने वाला यह राजमार्ग अब सिर्फ नाम का राजमार्ग रह गया है। इसकी हालत इतनी खराब हो गई है कि यह किसी पगडंडी से कम नहीं है। अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत के कारण सरकार के करोड़ों रुपये पानी में डूब गए हैं और अब जानलेवा गड्ढों की सूचना देने के बाद भी उनका सुधार कार्य नहीं किया जा रहा है। इस मार्ग पर यात्रा करना अब एक बड़ा जोखिम बन गया है।

**जिला पंचायत सदस्य ने लगाया था श्रेय लेने का आरोप:** उक्त मार्ग के संबंध में जानकारी यह भी है की जब यह सड़क निर्माणाधीन थी तब जिला पंचायत सदस्य एवं बेटा बचाओ अभियान की राष्टीय सचिव श्रीमती ज्योति उमरे ने तत्कालीन विधायक सुश्री हिना कावरे पर सड़क निर्माण से पूर्व लोकार्पण किये जाने का आरोप लगाया था। और कहा था की सड़क निर्माण अभी पूरा भी नहीं हुआ है परंतु नेताओं मे श्रेय लेने की होड़ में इसका ज्ञान ही नहीं है की इसमे जग हंसाई होती है।

### मांग: बीटी एक्ट 1949 रद्द करो, महाबोधि महाविहार मुक्त करो

# बौद्ध अनुयायियों ने लांजी नगर में निकाली धम्म मशाल रैली



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** नगर के सालेटेकरी रोड स्थित गोंडवाना भवन से बौद्ध धर्म के अनुयायियों ने बोधगया मंदिर अधिनियम 1949, जिसे बीटी एक्ट के नाम से जाना जाता है, को रद्द करने और महाबोधि महाविहार का प्रबंधन पूरी तरह से बौद्ध समुदाय को सौंपने की मांग को लेकर धम्म मशाल रैली निकाली। जो दखनीटोला के बौद्ध विहार में जाकर समाप्त हुई। यह विरोध प्रदर्शन अखिल भारतीय बौद्ध मंच और अन्य बौद्ध समूहों द्वारा आयोजित किया गया है। नगर में बौद्ध अनुयायियों द्वारा निकाली गई इस विरोध प्रदर्शन में बौद्ध धर्म के अनुयायी और भिक्षु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे जो मशाल रैली के दौरान कड़ी धूप में अपनी मांगों को मनवाने के लिये नारे भी लगा रहे थे। रैली समाप्ति के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए बौद्ध अनुयायियों ने बताया की महाबोधि महाविहार का प्रबंधन और नियंत्रण पूरी तरह से बौद्ध समाज को सौंपा जाए। यह मांग 19वीं शताब्दी के आंदोलनकारियों की मांग के अनुरूप है, जो बौद्धों के अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे थे, अनुयायियों ने कहा बीटी एक्ट 1949 के तहत महाबोधि मंदिर प्रबंधन समिति में अन्य धर्मों के सदस्यों को शामिल किया गया है, जिनमें हिंदू सदस्य भी शामिल हैं। बौद्ध समुदाय का मानना है कि यह अधिनियम उनके धार्मिक अधिकारों का उल्लंघन करता है और उनकी पवित्र विरासत का अपमान करता है । जिसके कारण बौद्ध अनुयायी पिछले 6 माह से अधिक समय से अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे है।

संजय खोब्रागढ़े अधिवक्ता एवं जिला अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ ने बताया की महाबोधि मंदिर बोधगया बौद्ध धर्म के सबसे पवित्र स्थलों में से एक है, और इसके प्रबंधन पर बौद्धों का प्रभावी नियंत्रण न होना धार्मिक स्वतंत्रता और बौद्ध समुदाय के अधिकारों का हनन है। यह मंदिर भगवान बुद्ध के ज्ञान प्राप्ति से जुड़ा एक पवित्र स्थान है, और इसका प्रबंधन पूरी तरह से बौद्ध अनुयायियों के हाथों में होना चाहिए। अंग्रेजो के शासनकाल में देश की आजादी को प्राथमिकता देते हुए बौद्ध अनुयायियों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया परंतु हिंदुओं के बढ़ते हस्तक्षेप के हमे पुनः इस गंभीर मुद्दे पर केंद्रित होना पड़ा है। उन्होने कहा देश में यह विरोध प्रदर्शन 12 फ रवरी 2025 से चल रहा है और इसमें देश-विदेश से बौद्ध अनुयायी और भिक्षु बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं। विरोध प्रदर्शन विभिन्न राज्यों में आयोजित हो रहे हैं, जिनमें बिहार, अरुणाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। उन्होने कहा यह धम्म मशाल रैली बाबा साहब आम्बेडकर की जन्म स्थली से दीक्षाभूमि नागपुर तक जाएगी जो आज धर्मनगरी लांजी की पावन धरा पर पहुंची है।

बौद्ध समुदाय ने इस विरोध प्रदर्शन में एकता का परिचय दिया है। विभिन्न बौद्ध समूहों और संगठनों ने इस आंदोलन में भाग लिया है और अपना समर्थन दिया है।

## खबर संक्षेप

### जैन पर्यूषण पर्व संपन्न, संपूर्ण जिले में निकली शोभायात्रा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अतिशय क्षेत्र लखनादौन में पर्यूषण पर्व मै दसों दिन सभी जैन मंदिरों में पूजन पाठ अभिषेक शांति धारा, रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटकों का मंजन एवं संगीतमय आरती का आयोजन किया गया, दोपहर मै धार्मिक क्लाश का बाचन चलते रहा, जिसमे सभी ने धर्म लाभ अर्जित किया आज अनंत चतुर्दशी के महापर्व पर भगबंन जी की भव्य शोभायात्रा निकली, भगवान महावीर स्वामी की शोभा यात्रा, पालकी पर ओर ,रजत रथ ( चांदी )के रथ पर निकली, शोभा यात्रा चंदा प्रभु जिनालय से निकलकर , सुनारी मोहल्ला, बस स्टैंड होते हुए वापस बाजार चौक पहुची, सभी धर्म प्रेमी बंधु अपने-अपने ड्रेस कोड में रहे , पुरुष बच्चे सफेद वस्त्र, और केसरिया धोती मे रहे, सभी महिलाएं अपनी पीले वस्त्र में, बालिका मंडल सफेद ड्रेस मे रही, सभी अनुशासन से धर्म प्रभावना करते हुए जैन धर्म जिनेंद्र भगवान का गुणगान करते हुए यह शोभायात्रा में शामिल रहे, इसके बाद शोभायात्रा जिन मंदिर पहुंची जहां पर श्रीजी का महामस्त अभिषेक शांति धारा संपन्न हुई,, जिसमें सभी जैन मंदिरों में सभी लोगों ने अभिषेक ओर शांति धारा कर पुण्य लाभ अर्जित किया, , रात्रि में महाआरती का आयोजन संपन्न हुआ ।

# जिले में अवैध कॉलोनियों का मकड़ जाल, कार्यवाही करेगा कौन..

**एस.डी.एम.राजस्व द्वारा जिम्मेदारों के विरूद्ध असरदार सख्त कार्यवाही की ईच्छाशक्ति के अभाव में मनमानी कार्यवाही तथा मिलीभगत व सांठगांठ से दिन दूने रात चौगुने गति से बढ़ रहे हैं अवैध कालोनी के मामले**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



फाईल फोटो

जिले में अवैध कालोनाईजरों के विरूद्ध 36 मामलों में एफ.आई.आर.दर्ज होने के बाद भी बैखौफ अनेक कालोनाईजर धडल्ले से हर तरफ अवैध कालोनियां स्थापित कर कच्चे प्लाट बेचकर फैला रहे हैं अव्यवस्थित अविकसित बस्तियां। अवैध कालोनी का प्रबंधन नियम 21 के अनुसार जैसे ही एस.डी.एम.राजस्व की जानकारी में आता है कि कोई अवैध कॉलोनी स्थापित की जा रही है तो वह तत्काल ऐसी भूमि के प्रबंध को अपने अधिकार में ले लेगा और जांच उपरांत ऐसी भूमि के विकास और प्लाट वितरित करने के लिए स्कीम तैयार करेगा, विकास कार्यों का खर्च स्कीम के अधीन भूखंड आवंटन कर वसूली किए जाएंगे_ अवैध कॉलोनी स्थापना की जानकारी न देने, अपराध का दुष्प्रेरण करने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई का प्रावधान भी पंचायत राज अधिनियम में 2013 से है, किंतु इतने वर्षों में एस.डी.एम.राजस्व ने इन नियमों का पालन कभी पालन किया हो, और शघ्रता से रिपोर्ट न करने के लापरवाह पटवारी तथा अपराध का दुष्प्रेरण करने वालों के विरुद्ध किसी भी प्रकरण में कार्यवाही किया हो_ ऐसा अब तक तो प्रकट नहीं हुआ है। ऐसा नहीं कि अवैध कालोनियां स्थापित होने की सूचना एस.डी.एम.राजस्व को न मिली हों, समय-समय पर पटवारियों द्वारा मामले बनाकर भेजे गये हैं, 13-04-2018 तक सिवनी तहसील के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित 45 अवैध कॉलोनियों की सूचना की विज्ञप्ति एसडीएम सिवनी द्वारा जारी की गई थी, किंतु इन मामलों में ना ही एफ.आई.आर. की गई और ना ही इन कॉलोनियों की भूमि को एस.डी.एम. द्वारा अपने प्रबंध में लिया गया, यह राजस्व विभाग की भ्रष्टतापूर्ण मनमानी का जीता जागता प्रमाण है । उसके बाद भी पटवारियों द्वारा निरंतर अवैध कालोनियों के मामले बनाकर भेजे गये हैं।

20-02-2024 पांच मामलों में एफ.आई.आर. डूंडासिवनी थाने में दर्ज कराई गईं, 2024 में ही केवलारी थाने में 19 एफ.आई.आर. कराई गईं हैं, 2025 में 12 मामलों में एफ.आई.आर. के आदेश हुए हैं जिनकी एफ.आई.आर.होना शेष है_ किंतु इनमें से किसी भी मामले में अवैध कॉलोनी की भूमि के प्रबंध को एसडीएम द्वारा अपने अधिकार में नहीं लेकर मनमानी करते हुए कालोनाईजरों को सदोष लाभ पहुंचाने और उन भूमियों के शेष प्लाट कालोनाईजर द्वारा ही बेचकर प्राप्त होनेवाली थनराशि की बंदरबांट का रास्ता निरंतर ही अपनाया जा रहा है , जिसके चलते हर तरफ बेखौफ कालोनाईजरगण धड़ल्ले से अवैध कालोनियां स्थापित कर रहे हैं। पंचायत राज अधिनियम में कालोनी संबंधी प्रावधानों में सबसे बड़ी खामी यह है कि अवैध कॉलोनी बनाने पर अपराध दर्ज तो होता है लेकिन कॉलोनी के विकास का खर्चा यानि सड़क, नाली, बिजली, पानी,गार्डन इत्यादि के विकास पर होने वाले खर्च को कॉलोनाइजर से वसूलने का कोई प्रावधान नहीं है,अगर यह प्रावधान हो जाए और एस.डी.एम.राजस्व ईमानदारी से अवैध कॉलोनी की भूमि के प्रबंध को अपने अधिकार में लेने लगें तो अवैध कॉलोनियों का बनना ही बंद हो जाएगा, पर आज के तंत्र के रवैये को देखते हुए लगता नहीं कि ऐसा कभी होगा।



## युवा मुस्लिम ने केले एवं पानी फूल माले डालकर सर्व धर्म गणेश उत्सव समिति का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

शनिवार को सर्वधर्म गणेश उत्सव शांति नगर गणेश विसर्जन के दौरान युवा मुस्लिम जमात की जानिब से जामा मस्जिद के सामने केले एवं पानी फूल माले डालकर सर्व धर्म गणेश उत्सव समिति शांति नगर का स्वागत किया एवं जामा मस्जिद के सामने से होते हुए शकील खान तौकीर खान ने भी फूल माले डालकर अयोध्या बस्ती में स्वागत किया शांति नगर वार्ड नंबर 3 का गणेश विसर्जन का जुलूस शांति और सौंदर्य के साथ निकाला बरघाट की सरजमी ने भाईचारे और गंगा जमुनी तहजीब का अनोखा नजारा पेश किया गणेश विसर्जन के जुलूस मे धर्म समुदाय और समाज से समुदाय एवं समाज से जुड़े हर वर्ग के शामिल होकर प्रेम और एकता का संदेश देते-देखे।

# बरघाट पुलिस ने 400 ग्राम गांजे के साथ आरोपी को धर दबोचा

पुलिस अधीक्षक सुश्री सिमाला प्रसाद के द्वारा नशे के विरुद्ध अभियान व कार्यवाही हेतु जारी दिशा निर्देशो के पालन में व अति. पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एव अनु. अधि. बरघाट ललित गठरे के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरी. मोहनीश सिंह बैस के नेतृत्व में अरघाट पुलिस ने नशे के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कार्यवाही करते हुए 400 ग्राम गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। बरघाट पुलिस को दिनांक 02:00:2025 को मुखबिर की सूचना पर कि साल्हे कोसमी तिराहा मंदिर के पास एक व्यक्ति अवैध रुप से गांजा रखा हुआ है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी बरघाट निरी, मोहनीश सिंह बैस ने तत्काल टीम गठित कर आरोपी को स्टाफ की सहायता से घेराबंरी कर पकड़ा। जिससे स्टाफ द्वारा नाम पता पूछने पर अपना नाम अक्षय पिता कामता प्रसाद रजक उम्र 30 साल निवासी वार्ड न.4 नीलगिरी हनुमान मंदीर के पास बारापत्थर सिवनी जिला सिवनी का रहने वाला बताया जिसके कब्जे से एक थैले में रखी प्लास्टिक की पारदर्शी पन्नी में मादक पदार्थ गांजा कुल वजन 400 ग्राम किमती 6000 रुपये करीबन को जप्त किया जाकर आरोपी के विरुध्द अपराध क्रमांक 489/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी अक्षय पिता कामता प्रसाद रजक उम्र 30 साल निवासी बारापत्थर सिवनी जप्त सामग्री 400 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती लगभग 6000/- रुपये।

**सराहनीय कार्यः** अनु, अधि. बरघाट श्रीमान ललित गठरे के मार्गदर्शन में निरीक्षक मोहनीश सिंह बैस, सउनि लुपेश रहांगडाले. आर. 741 संजू उइके, आर.575 नपेन्द्र, आर. 734 उलेश, आर. 783 केशरीनंदन एंडे, आर. 805 उमेन्द्र, आर. 846 अनिल मर्सकोले।

# जिले में दिल दहला देने वाली घटना

## 13 वर्षीय बच्ची, बनी आवारा कुत्तों का शिकार

**जिले के कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र से गुरुवार की शाम एक ऐसी दर्दनाक खबर सामने आई है जिसने पूरे गाँव को सन्न कर दिया। समनापुर गाँव की 13 वर्षीय अवनी विनोखे अपनी सहेली के साथ खेत घूमने गई थी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



लेकिन कुछ ही पलों में यह सैर एक खौफनाक हादसे में बदल गई। खेत में अचानक आवारा कुत्तों का झुंड बच्चियों पर टूट पड़ा। हमले से सहमी अवनी की सहेली जैसे-तैसे अपनी जान बचाकर गाँव पहुँची और परिजनों को सूचना दी। लेकिन जब तक परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुँचे, तब तक दृश्य इतना भयावह था कि किसी की भी आँखें भर आईं। कुत्तों ने मासूम अवनी को इतनी बुरी तरह नोच डाला था कि उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। ग्रामीणों ने बताया कि कुत्ते इतने आक्रामक थे कि उन्हें भगाने में भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

घटना की सूचना मिलते ही कान्हीवाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुँची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जाँच की जा रही है और ग्रामीणों से शांत व संयम बनाए रखने की अपील की है।

### गाँव में मातम का माहौल

जैसे ही यह खबर पूरे गाँव में फैली, समनापुर में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक अवनी के परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से आवारा कुत्तों का आतंक है। कई बार बच्चे और बुजुर्ग इनके हमले का शिकार हो चुके हैं, लेकिन इतनी निर्मम और दर्दनाक घटना पहली बार घटी है। इस हादसे ने हर किसी को अंदर तक झकझोर दिया है। अब ग्रामीण प्रशासन से माँग कर रहे हैं कि जल्द से जल्द आवारा कुत्तों की समस्या का समाधान किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाएँ दोबारा न हों।

### दर्दनाक हादसे के बाद जिला पंचायत सदस्य रजनी ठाकुर ने शोकाकुल परिजनों से की मुलाकात



**सिवनी।** सिवनी जिले के ग्राम समनापुर में शुक्रवार को एक अत्यंत हृदय विदारक घटना में 13 वर्षीय बालिका अवनी विनोखे की आवारा कुत्तों के हमले में मौत हो गई। अवनी अपनी सहेली के साथ खेत से लौट रही थी, तभी रास्ते में अचानक आवारा कुत्तों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गई और उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रजनी श्रीराम ठाकुर ग्राम समनापुर पहुँचीं और शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा, यह एक बेहद दर्दनाक और चिंताजनक घटना है। प्रशासन को चाहिए कि वह पीड़ित परिवार को शीघ्र आर्थिक सहायता प्रदान करे और गाँव में आवारा कुत्तों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए ठोस कदम उठाए। रजनी ठाकुर ने परिजनों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए तत्काल राहत के तौर पर राशन की व्यवस्था हेतु नगद राशि दी और आश्वासन दिया कि भविष्य में भी हरसंभव मदद की जाएगी। उन्होंने इस संबंध में जिला कलेक्टर से भी फोन पर चर्चा कर परिवार को सरकारी सहायता दिलाने की बात की। गाँव के नागरिकों ने भी प्रशासन से आग्रह किया है कि इस प्रकार की दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए आवारा पशुओं पर नियंत्रण हेतु प्रभावी और ठोस कार्यवाही की जाए। यह घटना न केवल समनापुर के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए एक चेतावनी है कि आवारा जानवरों की समस्या को अब और अनदेखा नहीं किया जा सकता।



### कांग्रेस नेता मोहन चंदेल के पुत्र कपिल चंदेल ने बी ए एलएलबी ऑनर्स की डिग्री हासिल की

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला पंचायत सिवनी के पूर्व अध्यक्ष एवं विधान सभा क्षेत्र सिवनी के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी श्री मोहन सिंह चंदेल के पुत्र कपिल चंदेल ने देश की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी नेशनल ला यूनिवर्सिटी दिल्ली में 5 वर्ष अध्ययन उपरांत आज बी ए एलएलबी ऑनर्स की डिग्री हासिल कर ली।

6 सितंबर 2025 को नेशनल ला यूनिवर्सिटी दिल्ली के ऑडिटोरियम में सर्वोच्च न्यायालय की न्यायाधीश श्रीमती बी वी नागरत्ना के मुख्य आतिथ्य में आयोजित गरिमामय दीक्षांत समारोह में दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एवं NLU Delhi ke chancellor श्री डी के उपाध्याय के कर कमलों द्वारा कपिल को डिग्री प्रदान की गई। इस अवसर पर कपिल चंदेल के पिता श्री मोहन सिंह चंदेल एवं उनकी माताजी श्रीमती आशा चंदेल (पूर्व जिला पंचायत सदस्य) भी अभिभावक के नाते उपस्थित रहे।

# अतिथि शिक्षक समन्वय समिति ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छपारा।



अतिथि शिक्षक समन्वय समिति के द्वारा शुक्रवार को छपारा में प्रदर्शन कर अपनी लंबित मांगों को लेकर तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सोपा है. जिस पर उन्होंने अपनी लंबित मांगों को रखा है ज्ञापन में उन्होंने बताया है कि अतिथि शिक्षक मध्यप्रदेश शासन के शासकीय स्कूलों में करीब 18 वर्ष से शैक्षणिक कार्य कर रहे हैं. अतिथि शिक्षकों की लेकिन अब तक मांगे पूरी नहीं की गई है।

ज्ञापन में उन्होंने बताया है कि 2 सितंबर 2023 को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा घोषणा की गई थी. शिक्षकों की सीधे भर्ती में बोनस अंक और विभागीय परीक्षा गुरुजी के तर्ज पर आयोजित कर नियमित किया जाएगा लेकिन अब तक नियमित नहीं किया गया है. जिस जिसके चलते उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वह लगातार ज्ञापन के माध्यम से शासन प्रशासन के सामने अपनी मांगे रख रहे हैं इस दौरान. अतिथि शिक्षक समन्वय समिति जिला अध्यक्ष सुरेंद्र रघुवंशी जिला संरक्षण विजय कुमार जिला कोषअध्यक्ष आंनद बमनिया जिला प्रचारक अध्यक्ष प्रकाश चौरसिया जिला संयोजक यातेन्द्र नागले ब्लॉक अध्यक्ष धनोरा अरविंद राय ब्लॉक अध्यक्ष कुरई अजय वर्मा सभी ब्लॉक के अतिथि शिक्षक मौजूद रहे।

### शिक्षकों को बिना टेट प्रमोशन न देने की नीति पर आपत्ति एवं पुनर्विचार का अनुरोध

**घंसौर /** श्रीमती रश्मि नामदेव शिक्षिका ने शिक्षकों को बिना टेट पास किये प्रमोशन नहीं देने की नीति पर कड़ी आपत्ति जतायी है. उन्होंने कहा कि इस नीति का उद्देश्य भले ही शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना हो, लेकिन इसके कई नकारात्मक पहलू हैं. श्रीमती रश्मि नामदेव ने कहा कि जो शिक्षक बीस से पच्चीस साल तक सेवा दे चुके हैं, उनके अनुभव की अनदेखी करना और उन्हें अनावश्यक रूप से टेट परीक्षा उत्तीर्ण करने के दबाव में रखना अनुचित है. इससे न केवल प्रमोशन प्रक्रिया में देरी हो रही है, बल्कि नौकरी से हटाने और जबरन अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने जैसे प्रावधान भी न्यायसंगत नहीं हैं. उन्होंने स्पष्ट किया कि इस आदेश को 2009 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर लागू नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि उस समय टीईटी की अनिवार्यता नहीं थी और उनकी नियुक्ति नियमावली एवं आवश्यक शर्तों के तहत हुई थी. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस नियम को वापस नहीं लिया गया तो राज्य के लाखों शिक्षक गंभीर रूप से प्रभावित होंगे. श्रीमती नामदेव ने कहा कि हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा टेट की अनिवार्यता से जुड़े निर्णय के बाद शिक्षकों में भय और असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गयी है. उन्होंने आग्रह किया कि इस नीति और कानून को लागू करने से पहले उच्चतम न्यायालय को इसके प्रभावों का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करना चाहिए और आवश्यक संशोधन करने चाहिए।

**ईद मिलादुन्नबी पर दी मुबारकबाद**

# जगह जगह जुलूस का हुआ स्वागत, ईद मिलाद उन-नबी पर जिले में शांतिपूर्ण रूप से निकले जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



ईद मिलाद-उन-नबी के अवसर पर जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मुस्लिम समाज द्वारा पारंपरिक जुलूस निकाले गए। श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आपसी सौहार्द, भाईचारे और एकता का संदेश दिया।जुलूस मार्गों पर प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा तथा कानून-व्यवस्था की दृष्टि से सभी आवश्यक प्रबंध किए गए थे। संबंधित क्षेत्र के कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, राजस्व अधिकारी एवं पुलिस अधिकारी अपने-अपने दल के साथ सतत निगरानी रखते हुए उपस्थित रहे और श्रद्धालुओं को हर संभव सहयोग प्रदान किया। समाजजनों द्वारा नगर एवं ग्राम क्षेत्रों में स्वागत द्वार और पेयजल की व्यवस्थाएँ की गईं। सभी जुलूस शांति, अनुशासन एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुए। मिलादुन्नबी पर्व इस्लाम धर्म को मानने वालों में प्रमुख त्यौहार है पैगम्बर मोहम्मद का जन्म लगभग 570 ईसवी में मक्का में हुआ था उनका जन्म रवी उल अव्वल महीने की 12 तारीख पर मिलादुन्नबी के दिन हुआ था इसलिए इस दिन को ईद ए मिलाद जन नबी के रूप में मनाए जाने की परंपरा है कुछ लोग इस खुशी के रूप में मनाते है तो कुछ लोग इस शोक के दिन में भी मनाते है यह त्यौहार समाज में फैल रहे अंधकार को दूर करने व बुराईयों को खत्म करने के लिए पैगम्बर मोहम्मद के जन्मदिन के रूपमें मनाते है। प्रातः से ही इस त्यौहार को लेकर उत्साह देखा गया लोग छोटी मस्जिद चौक में एकत्र हुए जहां से जुलूस की शुरूआत हुई सभी मस्जिदों के वरिष्ठ इस जुलूस में शामिल हुए जगह जगह जुलूस का स्वागत करने वालों का तांता लगा हुआ था लोग आपस मे गले मिलकर इस त्यौहार की शुभकामनाऐं दे रहे थे चौक चौराहो में स्वल्पाहार की व्यवस्था तथा बच्चों को टॉफी बिस्कुट दूध की बाटल, शरबत तथा मिर्जा परिवार द्वारा बुंदी के लड्डू, ड्रायफुट टाफी आदि का वितरण एसबी मिर्जा एवं मकसूदा मिर्जा द्वारा किया गया।



### टीम राजा मुबीन द्वारा ईद-मिलादुन्नबी के जुलूस का भव्य स्वागत किया गया

ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर मुस्लिम समुदाय द्वारा सीरत उन नबी कमेटी के अध्यक्ष हाजी असलम खान जी की अध्यक्षता में ईदगाह मस्जिद से भव्य जुलूस निकाला गया शांति सद्भाव एकता और भाईचारे के प्रतीक इस पैदल जुलूस का टीम राजा मुबीन द्वारा कटंगी नाका रेलवे ब्रिज के पास सीरत उन नबी कमेटी का फूल मालाओं से स्वागत किया गया एवं जेसीबी मशीनों द्वारा फूलों की वर्षा कर एवं मिठाइयां बांट कर समूचे जुलूस का भव्य स्वागत किया गया। टीम राजा मुबीन द्वारा ईद-मिलादुन्नबी एवं गणेश उत्सव के दौरान नगर एवं जिले में शांति सद्भाव को बनाए रखने में दिए गए सहयोग के लिए जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया है ।

**छोटी-छोटी बालिकाओं ने किया श्री गणेश विसर्जन**

# अगले वर्ष तू जल्दी आना...गण पित बप्पा को दी विदाई



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर व आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश की विसर्जन शोभायात्रा निकाली। डीजे पर भजनों के धुनों और जयकारों से गूंजती शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए लखनवाड़ा घाट, बबरिया तालाब एवं शहर के अन्य घाटों पर पहुंच मूर्ति का विसर्जन किया गया। मूर्ति विसर्जन के बाद श्रद्धालुओं ने च्गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आना के जयकारे लगाए। नगर में जगह-जगह नौ दिनों तक भगवान श्री गणेश की प्रतिमा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालु डीजे की धुनों पर झूम उठे और अबीर-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को बधाई दी। बारापत्थ स्थित बबरिया तालाब में गणेश भगवान की मूर्तियों का विसर्जन कराया।





# आज लगेगा चन्द्रग्रहण, रात्रि 9 बजकर 57 मिनट से देर रात 1 बजकर 27 मिनट तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

**सुतक प्रारम्भ- दोपहर 12.57 से**

चन्द्रग्रहण में 3 प्रहर (9 घंटे) और सूर्यग्रहण में 4 प्रहर (12 घंटे) पहले से सूतक माना जाता है । इस समय सशक्त व्यक्तियों को भोजन छोड़ देना चाहिए । इससे आयु, आरोग्य, बुद्धि की विलक्षणता बनी रहेगी । परंतु जो बालक, बूढ़े, बीमार व गर्भवती स्त्रियाँ हैं वे ग्रहण से 1.5 प्रहर (4.5 घंटे) पहले तक चुपचाप कुछ खा-पी लें तो चल सकता है । इसके बाद खाने से स्वास्थ्य की बड़ी हानि होती है । गर्भवती महिलाओं को तो ग्रहण के समय खास सावधान रहना चाहिए । सूतक (ग्रहण-वेध) के पहले जिन पदार्थों में कुश, तिल या तुलसी-पत्ते डाल दिये जाते हैं वे सूतक व ग्रहण काल में दूषित नहीं होते । दूध या दूध से बने व्यंजनों में तिल या तुलसी न डालें । कुश आदि डला पानी सूतककाल में उपयोग में ला सकते हैं।

**ग्रहणकाल में भूलकर भी न करें**

ग्रहण में अगर सावधानी रही तो थोड़े ही समय में बहुत पुण्यमय, सुखमय जीवन होगा । अगर असावधानी हुई तो थोड़ी ही असावधानी से बड़े दंडित हो जायेंगे, दुःखी हो जायेंगे ।

ग्रहणकाल में (1) भोजन करनेवाला अधोगति को जाता है । (2) जो नींद करता है उसको रोग जरूर पकड़ेगा, उसकी रोगप्रतिकारकता का गला घुटेगा । (3) जो पेशाब करता है उसके घर में दरिद्रता आती है । जो शौच जाता है उसको कृमिरोग होता है तथा कीट की योनि में जाना पड़ता है । (4) जो संसार-व्यवहार (सम्भोग) करते हैं उनको सूअर की योनि में जाना पड़ता है । (5) तेल-मालिश करने या उबटन लगाने से कुष्ठरोग होने की सम्भावना बढ़ जाती है । (6) ठगाई करनेवाला सर्पयोनि में जाता है । चोरी करनेवाले को दरिद्रता पकड़ लेती है । (7) जीव-जंतु या किसी प्राणी की हत्या करनेवाले को नारकीय योनियों में जाना पड़ता है । (8) पत्ते, तिनके, लकड़ी, फूल आदि न तोड़ें । दंतधावन, अभी ब्रश समझ लो, न करें । (9) चिंता करते हैं तो बुद्धिनाश होता है।

## आरोग्य केन्द्र में नहीं हैं डॉक्टर, बिना इलाज लौटने को मजबूर मरीज

# स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को नहीं मिल रही सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में लाखों रुपए की लागत से बने आयुष्मान केंद्र ग्रामीणों को बेहतर सेवाएं नहीं दे पा रहे हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं की बदतर हालत से स्थिति चिंताजनक हो गई है।

महकेपार आरोग्य केंद्र में मरीजों को इलाज नहीं मिल पा रहा है। सर्दी-खांसी का इलाज कराने आए कृष्णा ठाकरे को बिना इलाज के लौटना पड़ा। नितेश उचबगले दुर्घटना में घायल होने के बाद रात में इलाज के लिए पहुंचे, लेकिन स्वास्थ्य कर्मी नहीं मिले। सुबह फिर आने पर भी स्थिति नहीं बदली।




गोरेघाट में भी यही समस्या है। इन आरोग्य केंद्रों से लगभग दो दर्जन गांव जुड़े हैं। वायरल बुखार और मलेरिया के मामले बढ़ने के बावजूद डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी नदारद रहते हैं।

बीएमओ पंकज दुबे का कहना है कि महकेपार और गोरेघाट में डॉक्टरों के लिए सरकारी आवास हैं। उन्होंने बताया कि महकेपार के डॉक्टर छुट्टी पर थे, लेकिन स्टाफ मौजूद रहता है। उन्होंने कहा कि अब तक ऐसी कोई शिकायत नहीं मिली थी और वे इस मामले की जांच करेंगे।

हाल ही में एक आदिवासी बैगा परिवार की महिला सुगवती पति बिरन मर्सकोले पिछले कई दिनों से बीमार थी। हालत यह पहुंच हो गई थी कि उसे जल्द उपचार नहीं मिलता तो शायद ही वह बच पाती।

## राज्यस्तरीय शिक्षक पुरस्कारः समर्पित प्रयासों को मिला सम्मान

# मॉडल स्कूल बिरसा के शिक्षक सौरभ कुमार शर्मा हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और समर्पित सेवा के लिए श्री सौरभ कुमार शर्मा को राज्यस्तरीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्री शर्मा उच्च माध्यमिक शिक्षक (भूगोल) हैं और शासकीय मॉडल स्कूल बिरसा में कार्यरत हैं। शिक्षा क्षेत्र में उनके योगदान को राज्य स्तर पर मान्यता प्राप्त हुई है और उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थी एवं शिक्षक साथियों ने लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि यह सम्मान केवल उनके लिए नहीं, बल्कि उनके विद्यार्थियों,संस्था के हितार्थ कार्य करने वाले प्रत्येक व्यक्ति और उन





समर्पित शिक्षकों के लिए है, जो उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत हैं। उन्होंने यह उपलब्धि अपने समर्पित विद्यार्थियों और सहकर्मी शिक्षकों को समर्पित की। उन्होंने विशेष रूप से यह भी कहा कि यह सम्मान उन्हें जिला शिक्षा अधिकारी महोदय द्वारा समयांतराल में दिए गए मार्गदर्शन और ADPC महोदय श्री राजेंद्र श्रीवास्तव के निर्देशों से मिली प्रेरणा के कारण प्राप्त हो सका।

श्री सौरभ कुमार शर्मा को यह सम्मान शिक्षक दिवस 2025 के अवसर पर आर.सी.व्ही.पी. नरोन्हा अकादमी, भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में प्रदान किया गया। यह पुरस्कार म.प्र. के माननीय राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के हाथों उन्हें सम्मानित करते हुए प्रदान किया गया।

## भक्तिभाव से हुआ नपा कार्यालय में विराजित प्रतिमा का विसर्जन

# विसर्जन घाटों पर नपा ने किये व्यापक प्रबंध



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

दस दिवसीय गणेशोत्सव के पावन पर्व में नगर पालिका परिषद बालाघाट कार्यालय में भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा स्थापित की गई थी। प्रतिदिन पूजन के साथ ही स्वच्छता प्रेरक एवं रचनात्मक आयोजन किये गये। महिला मण्डल द्वारा भजन गायन किया गया एवं 6 सितंबर को भक्तिभाव से प्रतिमा का विसर्जन वैनगंगा नदी के तट पर किया गया। विसर्जन घाटों पर नगरपालिका द्वारा व्यापक प्रबंध किये गये थे जहां श्रद्धालुजनों ने आस्थापूर्वक विराजित गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया है।

### विसर्जन घाटों पर रही सुविधा एवं सुरक्षा व्यवस्था

नपा कार्यालय से भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा नगरपालिका कार्यालय से दोपहर में निकाली गई जहां पर हर्षोल्लास के साथ भक्तिधुनों के बीच गणपति बप्पा को अगले बरस जल्दी आने की कामना के साथ वैनगंगा नदी तट पर विसर्जित किया गया। नगरपालिका द्वारा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिये मां वैनगंगा नदी के तट पर कुण्ड स्थापित किया गया था, साथ ही बड़ी प्रतिमाओं को छोटे पुल से क्रेन के माध्यम से विसर्जित करने के प्रबंध थे। इसके अलावा गोंगलई घाट, ढीमरटोला गंगाघाट, देवटोला एवं कोसमी नहर, देवी तालाब में भी पुख्ता व्यवस्था की गई थी। नदी घाट के आसपास प्रशासन के सहयोग से बैरिकेटिंग की गई थी ताकि कोई भी अप्रिय घटना ना होने पाये। प्रत्येक घाट पर नगरपालिका की पृथक-पृथक टीम की तैनाती कर दी गई थी इसके अलावा गोताखारों को भी सुरक्षा कार्य में लगाया गया था। विसर्जन स्थल पर नगरपालिका के वाहनों को पूजन सामग्री एकत्रिकरण के लिये रखा गया था साथ ही पॉलिथिन सहित अन्य सामग्री जिसमें श्रद्धालुजनों द्वारा डालने के लिये प्रेरित किया गया।

### नपाध्यक्ष ने जताया श्रद्धालुजनों का आभार

नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने बताया कि भक्तिभाव के साथ गणेशोत्सव पर्व का समापन हो रहा है विसर्जन घाटों के लिये विशेष व्यवस्था नगरपालिका बालाघाट के द्वारा की गई थी जिसमें प्रशासनिक सहयोग रहा पुलिस व्यवस्था भी व्यापक तौर पर लगाई गई थी।

सूचना पंडाल स्थापित किया गया था साथ ही चिकित्सकीय सेवा, आपदा प्रबंधन की टीम भी तैनात रही। नपा कार्यालय में विराजित प्रतिमा का आस्थापूर्वक विसर्जन किया गया है।

# जिला चिकित्सालय के निःशुल्क शव वाहन ने 30 शवों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया

**बालाघाट।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की पहल पर शासकीय अस्पताल में उपचार के दौरान या अन्य किसी कारण से मृत व्यक्ति के शव को सम्मान के साथ उसके घर तक पहुंचाने के लिए निःशुल्क शव वाहन की सुविधा 01 अगस्त 2025 से उपलब्ध कराई गई है। इसके अंतर्गत जिला चिकित्सालय बालाघाट को 01 शव वाहन उपलब्ध कराया गया है। इस शव वाहन ने अब तक 30 शवों को उनके गंतव्य तक निःशुल्क पहुंचा कर पीड़ित परिवारों की मदद की है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप एवं सिविल सर्जन डॉ निलय जैन द्वारा 01 अगस्त 2025 को जिला चिकित्सालय बालाघाट में शव वाहन सेवा का शुभारंभ किया गया है। जिससे अस्पताल में उपचार के दौरान मृत शरीर को परिवार जन सम्मान के साथ अपने घर ले जा सकते हैं। संजीवनी 108 जिला प्रबंधक शुभम लिल्हारे ने बताया कि निःशुल्क शव वाहन से अगस्त माह में 24 व चालू सितम्बर में अब तक 06 इस प्रकार कुल 30 शवों को निःशुल्क उनके गंतव्य तक पहुंचाया गया है। जिसमें बैहर, वारासिवनी, किरनापुर, लालबर्रा, लामता, परसवाड़ा, लांजी, कंटगी एवं बालाघाट ब्लॉक के ग्राम शामिल हैं। निःशुल्क शव वाहन की सेवा प्राप्त करने के लिए निःशुल्क नम्बर 108 या 1080 पर काल कर प्राप्त की जा सकतीं है।

# नवरात्रि महोत्सव 22 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक समारोहपूर्वक आयोजित होगा - विवेक कुमार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जिला मुख्यालय से पांच किलोमीटर दूर सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति मॉयल लिमिटेड भरवेली के अध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया क परम्परा के अनुसार इस वर्ष भी नवरात्रि महोत्सव आयोजन भव्य रूप से किया जायेगा। यह आयोजन 22 सितम्बर से प्रारंभ होकर 02 अक्टूबर तक दुर्गा चौक खेल मैदान में प्रतिदिन सांस्कृतिक धूमधाम के साथ सम्पन्न होगा। उन्होने बताया कि नवरात्रि पर्व केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक एवं सामाजिक एकता का भी संदेश देता है। भरवेली की पहचान इस आयोजन से जुड़ी हुई है, क्योंकि यहां कार्यरत मॉयल लिमिटेड खदान के कामगार कर्मचारी व अधिकारी मिलकर इसे एक साझा उत्सव का रूप देते है। परम्परा के अनुसार सभी लोगों अपने एक दिन का वेतन दान स्वरूप देकर इस महोत्सव को भव्यता प्रदान करते है। यही कारण है कि यह आयोजन वर्षो से कौमी एकता और भाईचारे का प्रतीक बन चुका है। इस बार भी समिति ने जनता के मनोरंजन और सहभागिता को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन रात्रि में विविध सांस्कृतिक एवं संगीतमयी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की है। जिसमें देवी जागरण, कवि सम्मेलन, छत्तीसगढी सांस्कृतिक कार्यक्रम, आर्केस्ट्रा, स्कूल का सांस्कृतिक कार्यक्रम का समावेश है। इन कार्यक्रमों में रंगारंग प्रस्तुतियां शामिल होगी। देश के ख्याति प्राप्त कलाकार और स्थानीय प्रतिभायें भरवेली रंगमंच पर अपनी अदभूत प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेगी।अध्यक्ष विवेक कुमार ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्या धार्मिक श्रद्धा और सांस्कृतिक चेतना को जोडना है। दुर्गाचौक खेल मैदान पर माता दुर्गा की भव्य झांकी सजायी जायेगी जिसके लिये आकर्षक मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केन्द्र रहेगी। साथ ही बच्चों व युवाओं के लिये प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी जिससे उनमें भारतीय संस्कृति व परम्परा के प्रति उत्साह पैदा हो सके। यह समारोह नहीं एक मेला है जहां पर बच्चों के मनोरंजन के लिये झूले और अनेक तरह के सामानों की दुकाने भी लगती है, और 10 दिनों में हमारे दुकानदार भाई छोटे से लेकर बडे तक अच्छी आर्थिक आय अर्जित कर लेते है।

# घरों और सार्वजनिक स्थानों से गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में दस दिवसीय गणेशोत्सव का समापन अनंत चतुर्दशी के दिन हुआ। घरों और सार्वजनिक स्थानों से गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू हो गया है। भक्त नाचते-गाते हुए बप्पा को विदाई दे रहे हैं।

प्रशासन ने नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में विसर्जन की पुख्ता व्यवस्था की है। वैनगंगा नदी के छोटे पुल, जागपुर घाट और गायखुरी घाट पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। विसर्जन स्थलों पर पुलिस, नगरपालिका कर्मी तैनात हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए टेंट लगाए गए हैं।

एसडीएम गोपाल सोनी ने बताया कि वैनगंगा नदी में साढ़े तीन मीटर पानी है। नदी का बहाव तेज होने के कारण सुरक्षित स्थानों पर ही विसर्जन करने की सलाह दी गई है।

बालाघाट के सराफा बाजार में स्थापित 'बालाघाट का राजा' का विसर्जन 8 सितंबर को होगा। शाम 4 बजे विसर्जन शोभायात्रा निकलेगी। यह शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वैनगंगा नदी तक जाएगी। वहां भक्तिभाव से प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा।

# बुद्ध गया मंदिर अधिनियम रद्द करवाने बौद्ध समाज ने निकाली रैली



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** महाबोधि मुक्ति विहार आंदोलन के तहत तक्षशिला महाबोधि विहार से देश के विभिन्न हिस्सों में रैलियाँ निकाली जा रही हैं। इसी कड़ी में वारासिवनी नगर में बौद्ध समाज द्वारा करुणा बुद्ध विहार कालेज टोली सिकन्द्रा, महामाया बुद्ध विहार शंकर नगर वार्ड नंबर 1 वारासिवनी, रमाबाई बुद्ध विहार वार्ड नंबर 4 वारासिवनी, पंचशील बुद्ध विहार अंबेडकर वार्ड नंबर 9 वारासिवनी का भ्रमण करते हुए धम्म रैली का समापन जय स्तंभ चौक वारासिवनी में किया गया। धम्म रैली में शामिल भिक्षु संघ सहित समस्त उपस्थित उपासक उपासिकाओं को वार्ड नंबर 9 पंचशील बुद्ध विहार के प्रांगण में भोजन कराया गया। इसी श्रृंखला में अधिकांश दानदाताओं ने दान देकर दान परमिता पूर्ण की। अंबेडकर चौक में भिक्षु संघ द्वारा डॉक्टर बाबा साहेब अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्वागत सत्कार किया गया। पूज्य भंतेजी द्वारा पूजा वंदना कराई गई एवं धम्मदेशना दी गई। विभिन्न विहारों की समितियों के पदाधिकारियों का भरपूर एवं स्नेह पूर्ण सहयोग मिला।

# कुम्हली में कुनबी समाज के संगठन के कार्यकारणी का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।



खैरलांजी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम कुम्हली में कुनबी समाज के कल्याण और विकास करने के लिए संगठन का गठन किया गया जिसके तहत ग्राम में दो समितिया बनाई गई जिसके पदाधिकारी नियुक्त कर कार्यकारिणी का निवार्चन किया गया 4 सितंबर गुरुवार को छत्रपति शिवाजी राजे कुनबी समाज जिजा माता महिला मंडल का अध्यक्ष श्रीमति मंगला महेद्र माहुले को बनाया गया तथा उपाध्यक्ष श्रीमती श्यालु जितेंद्र कडव , वैशाली विनोद भगत ,सचिव श्रीमती नेहा विवेक सेलोकर ,कोषाध्यक्ष सुशीला घनश्याम माहूले, सहसचिव भारती गेंदलाल सेलोकर सहित अन्य जागरूक महिलाओ को संगठन में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्रदान करते हुए महिलाओ को सामाजिक स्तर पर आगे आकर ग्रामीण महिलाओ के विकास के लिए काम करने के लिए प्रोत्साहित किया गया एंव ग्रामीण स्तर पर कुम्हली में छत्रपति शिवाजी राजे कुनबी समाज संगठन का अध्यक्ष जितेंद्र धनराज को बनाया गया तथा उपाध्यक्ष मनोज भवराव भरले, सचिन जितेंद्र भाऊजी माहुले, कोषाध्यक्ष अभिषेक राजू सेलोकर ,सह सचिव लोकेश तेजराम भगत को संगठन में शामिल किया गया।साथ ही संगठन के पदाधिकारी को समाज कल्याण में योगदान प्रदान करने के लिए दायित्व व जिम्मेदारी दि गई। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष डेविड सेलोकर, उपाध्यक्ष देवीलाल धार्मिक, कोषाध्यक्ष जितेंद्र बोहरे दिनेश तिरवा, राजू सेलोकर ,महेंद्र माहुले अन्य मौजूद रहे।

# प्रियदर्शिनी इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस, बालाघाट में विशेष व्याख्यान का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

प्रियदर्शिनी इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस, बालाघाट में 03 सितम्बर को संस्था के सभागार में (अस्पताल प्रबंधन) विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन शहीद भगत सिंह जिला चिकित्सालय बालाघाट उपस्थित रहे।आयोजन में डॉ. जैन ने अस्पताल प्रबंधन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए मरीज-देखभाल, मानव संसाधन प्रबंधन, आपातकालीन सेवाओं के सुचारू संचालन तथा स्वास्थ्य संस्थानों की कार्यक्षमता बढ़ाने जैसे विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया।वही विद्यार्थियों द्वारा कोरोना महामारी जैसी आपदाओं से निपटने संबंधी प्रश्न पूछे गए? जिनका उत्तर देकर विद्यार्थियों को डॉ. जैन द्वारा संतुष्ट किया गया I इस अवसर पर संस्था के छात्र-छात्राओं सहित संपूर्ण स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। एवं अतिथि का स्वागत संस्था के चेयरमैन श्री विक्रांत वर्मा द्वारा किया गया तथा अंत में संस्था की संचालिका श्रीमति दुर्गा वर्मा द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया I

## किसानों को रेशम कृमि पालन से संबंधित दी गई जानकारी

# जिले के ग्रामों मे शहतूत एवं टसर रेशम पर जागरूकता कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** मेरा रेशम, मेरा अभिमान कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्रीय बोर्ड-बुनियादी बीज प्रगुणन एवं प्रशिक्षण केंद्र, बालाघाट और जिला रेशम कार्यालय, बालाघाट द्वारा जिले के किरनापुर विकासखंड के ग्राम नेवरगांव एवं बटरमारा एवं दिनांक 04 सितंबर को खैरलांजी विकासखंड के ग्राम मोवाड़ और 03 सितंबर को विकासखंड बालाघाट के ग्राम गर्रा मे शहतूत रेशम प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रमों, टसर रेशम उत्पादन प्रद्योगिकियों पर क्षेत्र प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को शहतूत एवं टसर रेशम की खेती और रेशमकीट पालन की नवीनतम तकनीकों से अवगत कराना था जिससे उनकी पैदावार और आय में वृद्धि हो सके। प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रमों मे डॉ. बावस्कर दत्ता मदन, वैज्ञानिक-सी, सुश्री जे कोमल, वैज्ञानिक-बी, बुनियादी तसर रेशमकीट बीज संगठन, बिलासपुर, श्री सुरेन्द्र चिचाम, जिला रेशम अधिकारी,सुश्री हर्षा रायचंदानी, उच्च श्रेणी लिपिक, बुनियादी बीज प्रगुणन एवं प्रशिक्षण केंद्र, केंद्रीय रेशम बोर्ड, बालाघाट के एल घोरमरे, कनिष्ठ रेशम निरीक्षक, सुखचन्द चौधरी, स्थायी करनी, श्री बी एल बोपचे, प्रवर्तक जिला रेशम कार्यालय, बालाघाट द्वारा रेशम कृषकों को रेशम उत्पादन बढ़ाने हेतु मार्गदर्शन दिया गया।

कार्यक्रम में रेशम कृषको ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया, जिन्होंने नई तकनीकों को सीखने में गहरी रुचि दिखाई। कार्यक्रमों के दौरान, विशेषज्ञों ने कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी, जिसमें किसानों को शहतूत के पौधों को लगाते समय सही दूरी बनाए रखने के महत्व के बारे में बताया गया। यह तकनीक पौधों के बेहतर विकास, सूर्य के प्रकाश के उचित अवशोषण और हवा के संचार के लिए महत्वपूर्ण है। प्रदर्शन में शहतूत की नई और उन्नत किस्मों की जानकारी दी गई जो अधिक उपज और बेहतर गुणवत्ता वाले पत्ते प्रदान करती हैं। इन किस्मों के उपयोग से रेशमकीट पालन में रेशम का उत्पादन भी बढ़ सकता है।

# महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट में मनाया शिक्षक दिवस पर्व, गुरूजनों को किया गया सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट में पारंपरिक रूप से हर्ष और उल्लास के साथ शिक्षक दिवस का पर्व मनाया गया. जिसमें सर्वप्रथम प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर गुरु परंपरा सर्वपल्ली राधाकृष्णन, महर्षि जी, सरस्वती माता का हमारे वरिष्ठ शिक्षक वासुदेव भूते, संदीप तोमर एवं अनुपमा गौतम द्वारा किया गया और गुरुदेव का गुरु पूजन किया गया.शिक्षक दिवस के पर्व में ध्यान शिक्षक मनोज ज्योतिषी एवं सुनीता तिवारी द्वारा भावातित ध्यान का सभी को एक साथ अभ्यास कराया गया इसके साथ ही छात्र-छात्राओं द्वारा सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का स्वागत तिलक लगाकर एवं फूल बरसाए और सभी शिक्षक-शिक्षकों को उपहार स्वरूप देकर उनका सम्मान बढ़ाया. जिसमें कक्षा 11 वीं तथा 12 वीं के छात्राओं ने बढ़-चढक़र भाग लिया और उन्होंने शिक्षक दिवस पर अपनी प्रस्तुत किया. इस अवसर पर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जीवन के बारे में सभी को अवगत कराया कि हमारा जीवन भी सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी जैसा होना चाहिए जो की एक शिक्षक रूप में थे और आगे चलकर वह भारत के राष्ट्रपति बने तथा बच्चों को अपने भविष्य के बारे में तथा अपने गुरुजनों के बारे में धन्यवाद प्रेषित किए. प्राचार्य सतीश चौरसिया ने बताया कि उन्होंने अपने उद्बोधन में परम पूज्य मार्तंडेय गिरीश वर्मा जो महर्षि विद्या मंदिर के अध्यक्ष हैं उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया हैं, छात्र-छात्राएं अपने जीवन को कैसे आगे चलकर अच्छे से अच्छा बना सकते हैं तथा शिक्षा और अन्य क्षेत्र में अपना नाम अच्छा कर सकते हैं. इस भव्य कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने बहुत अच्छा प्रस्तुति दी. स्कूल के डायरेक्टर अमित यदुवंशी ने भी अपने वक्तव्य में पढ़ाई तथा बच्चों का कैसे अपने भविष्य उज्जवल हो ईश्वर अपना ध्यान आकर्षित किया गया.इस अवसर पर छात्र छात्रों को स्वल्पाहार कराया गया।

